आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे को प्रदेश सरकार एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम एटीएमएस से जोड़ने जा रही है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा ने एजेंसी निर्धारण और कार्यान्वयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक मैनेजमेंट कमांड सेंटर की स्थापना होगी । इसके जरिये ट्रैफिक मॉनीटरिंग और प्रबन्धन का कार्य किया जाएगा। एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ मोशन डिटेक्शन सर्विलांस कैमरा और स्पीड डिटेक्शन सिस्टम को भी लगाया जाएगा। इसके जरिये निर्धारित गति सीमा से तेज चलने वाली गाड़ियों के बारे में अलर्ट जारी हो सकेगा। इन गाड़ियों को कंट्रोल रूम द्वारा ट्रैक करना भी आसान होगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में भारतीय जनता युवा मोर्चा की तरफ से आयोजित एक दिवसीय सदस्यता कार्यशाला के समापन सत्र में आज प्रतिभाग किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम लोग देश के लिए कुछ करें। युवा इसमें सबसे अहम भूमिका निभा सकते हैं। उत्तर प्रदेश को आज देश में सबसे युवा प्रदेश के रूप में जाना जाता है। ऐसे में प्रदेश की जिम्मेदारी ज्यादा है। इस एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री राजू बिष्ट और प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने किया।

मुख्यमंत्री ने वाराणसी में बाबा विश्वनाथ और काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन किया। वह संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय भी पहुंचे। वहां उन्होंने पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए किया जा रहे कार्यों को देखा । इसके अलावा विश्वविद्यालय के अन्य विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया ।

मुख्यमंत्री ने चंदौली जिले में अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी की चार सौ पचीसवीं जयंती समारोह में भी हिस्सा लिया।

****

प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने मिर्जापुर जिले के चंदईपुर ग्राम सभा में आज वृहद रोजगार व ऋण मेला और टैबलेट वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने इस मौके पर स्वयं सहायता समूहों को तेरह करोड़ पचास हजार का रिवाल्विंग फंड, बैंक सखियों को प्रशस्ति पत्र, आवास योजना के लाभार्थियों को चाभी और आईटीआई के सौ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष दो हजार सैंतालिस तक के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करानी होगी। इस मौके पर प्रदेश सरकार में प्राविधिक शिक्षा और उपभोक्ता मामलों के मंत्री आशीष पटेल भी मौजूद रहे।

****

जौनपुर जिले में वाराणसी प्रतापगढ रेल मार्ग पर स्थित जंघई जंक्शन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य की वजह से चौहत्तर गाड़ियां इस स्टेशन से होकर नहीं गुजरेंगी। यहां से सिर्फ आठ रेलगाड़ियों का संचालन किया जाएगा। स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि उत्तर रेलवे ने बीते तीस अगस्त को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। यह परिवर्तन तीन सितम्बर से बाइस सितम्बर तक के लिए किया गया है। इस रुट की कुछ गाड़ियों को रद्द किया गया है और कुछ को डायवर्ट कर दिया गया है।

****

प्रदेश के सत्ताइस जिलों में दस अगस्त से शुरू हुआ सर्वजन दवा सेवन– एमडीए अभियान कल समाप्त हो जाएगा । गोरखपुर और बस्ती मंडल के सभी सातों जिलों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रही हैं। गोरखपुर के जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने बताया कि जिले में शनिवार की शाम तक करीब पैंतीस लाख चौदह हजार लोग यह दवा खा चुके हैं। अभियान समाप्त होने के बाद लोगों को यह दवा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर खानी होगी। इसका सेवन दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को करना है। सिर्फ गर्भवती और अति गंभीर बीमार लोग यह दवा नहीं खाएंगे।

****

केंद्र सरकार ने दूरसंचार अधिनियम दो हजार तेईस के शुरुआती नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसे डिजिटल भारत निधि का नाम दिया गया है। यह अधिनियम पूर्ववर्ती यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड का स्थान लेगा। अधिसूचना के अनुसार, योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने वालों को डिजिटल भारत निधि से राशि दी जाएगी। इस निधि से दूरसंचार सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में और वंचित वर्गों तक पहुंचाई जाएंगी।

****

देश भर में आज से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। यह प्रतिवर्ष पहली सितंबर से सात सितंबर तक मनाया जाता है। इस वार्षिक कार्यक्रम की शुरुआत उन्नीस सौ बयासी में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के खाद्य एवं पोषण बोर्ड द्वारा की गई थी। पोषण सप्ताह का उद्देश्य जनता के बीच पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के स्तर को बढ़ाना है । इस दौरान शिशुओं से लेकर बुजुर्गों तक विभिन्न आयु समूहों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं के बारे में समुदाय को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षित किया जाएगा।

****